तापमान

अधिकतम 40.2 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 14 मई 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

10 सेंट्रल नोडल अधिकारी अलरमेलमंगई डी ने किया...

10 मिनी स्टेडियम में क्रिकेट का महाकुंभ संपन्न...

खबर संक्षेप

बोलेरो की टक्कर से बाइक चालक घायल

महासमुंद। ग्राम गढ़फुलझर में एक बोलेरो वाहन की टक्कर से बाइक चालक घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट बसना थाने में दर्ज कराई गई है। बसना पुलिस को कांताबाई नंद ने बताया कि 11 मई को उसका लडका सुरेंद्र नंद अपनी मोटर सायकल हीरो होंडा सीडी डान क्रमांक सीजी 11 बीबी 5958 से फुलवारी गया था, जो वापस आते समय सतनामी पारा गढफुलझर के पास सुबह करीब 9 बजे सफेद रंग की महिंद्रा बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 13 यूएफ 3341 के चालक अपने वाहन को खतरनाक ढंग से तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सुरेंद्र नंद की मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसके दाहिना पैर व चेहरे में चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184-मोटर व्हीलक एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

डीजे ऑपरेटर से गाली गलौज, धमकी

महासमुंद। गढ़पटनी रोड पर एक डीजे ऑपरेटर से कुछ लोगों द्वारा गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को सिरको के मनोहर मुखर्जी ने बताया कि 28 अप्रैल को वह शादी में डीजे की बुकिंग में गढ़पटनी गया, वहां से वापस अपने डीजे को लेकर छोटेपटनी जा रहा था। रात करीब 9 बजे गढ़पटनी रोड बसना में उसके साथ आरोपी धनेश साहू, बल्लूक, हेमकुमार साव, विकास चौहान सभी निवासी आदर्श नगर बसना ने पुरानी रंजिश एवं डीजे की कारोबार को लेकर एक राय होकर उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

टैंकर से पानी भरने को लेकर विवाद

महासमुंद। टैंकर से पानी भरने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट सरायपाली थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को कैलाश डडसेना पिता राजेश डडसेना (19 वर्ष) वार्ड क्र. 09 डोंगरीपाली झिलमिला ने बताया कि 12 मई की सुबह करीबन 7 बजे समारू बाघ एवं शाबिर खान के घर के सामने गली में नगर पालिका के पानी टैंकर से पानी भर रहा था, उसी समय शाबिर की पत्नी किरन खान भी पानी भरने आयी थी और तुम बहुत पानी भर लिये हो मुझे भी पानी भरने दो कहकर विवाद करने लगी। आवाज सुनकर उसका पति शाबिर खान के साथ छोटा शाबिर आया और गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा एवं शाबिर की पत्नी किरन खान ने पास में पड़े पत्थर से उसके सिर में मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

पंपों पर उमड़ी भारी भीड़, ईंधन खत्म होने की आशंका से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर में पिछले इन दिनों पेट्रोल पंपों पर अचानक उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पंप पर सुबह से लेकर देर रात तक वाहनों की कतारें लगी हुई हैं। जहां दोपहिया और चार पहिया वाहनों की कतारें मुख्य सड़क तक पहुंच रही हैं। ईंधन स्टेशनों पर इस अचानक बढ़ी भीड़ का मुख्य कारण भविष्य में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है।

स्थानीय निवासियों के बीच यह चर्चा फैल गई है कि आने वाले दिनों में परिवहन सेवाओं में व्यवधान या तेल कंपनियों की ओर से आपूर्ति कम होने के कारण पेट्रोल-डीजल की किल्लत हो सकती है। हालांकि, प्रशासन या तेल कंपनियों की ओर से आधिकारिक तौर पर ऐसी किसी कमी की पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन लोग किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए एहतियात के तौर पर अपने वाहनों की टंकियां फुल करवा रहे हैं।

भविष्य में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका

पेट्रोल-डीजल की किल्लत से लोगों की बढ़ी चिंता

शहर के पेट्रोल पंपों पर ईंधन की कमी होने से नागरिकों की परेशानी काफी बढ़ गई है। अधिकांश केंद्रों पर नो स्टॉक के बोर्ड लटके होने के कारण वाहनों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। लोग सुबह से ही पेट्रोल और डीजल के लिए भटक रहे हैं। इस स्थिति का सबसे बुरा असर ऑफिस जाने वाले कर्मचारियों और स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। आपूर्ति में रुकावट के कारण शहरवासियों में दैनिक कार्यों को लेकर गहरी चिंता बनी हुई है।

सामान्य से तीन गुना बढ़ी मांग

पेट्रोल पंप संचालकों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में ईंधन की मांग सामान्य दिनों के मुकाबले तीन गुना तक बढ़ गई है। पेट्रोल पंप के कर्मचारियों का कहना है कि लोग न केवल अपने वाहनों में ईंधन भरवा रहे हैं, बल्कि कुछ लोग बोतलों और डिब्बों में भी स्टॉक करने की कोशिश कर रहे हैं। इस अत्यधिक मांग के कारण कई पंपों पर स्टॉक तेजी से खत्म हो रहा है, जिससे आने वाले समय में वास्तविक संकट पैदा होने का डर बना हुआ है।

नकल मामला : लापरवाह कर्मचारियों पर हुई कार्रवाई, नकल मामले में चुप्पी

केंद्राध्यक्ष समेत पांच निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सेजेस भंवरपुर में छात्रा द्वारा इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस परीक्षा कक्ष में ले जाने के मामले में तो कार्रवाई हो गई। लेकिन, 20 फरवरी और 23 फरवरी को हुए भौतिकी और रसायन के पेपर के दौरान दो छात्रों को बकायदा मोबाईल लेकर पर्चा हल करने की खुली छूट किए जाने के मामले में अब तक कोई कार्रवाई नही हुई है। छात्रा नीता जगत ने हरिभूमि से बातचीत के दौरान बताया कि जिन छात्रों के लिए नकल कराए जाने के चलते उन्हें वीडियो कैमरा लेकर प्रवेश करना पड़ा वे छात्र और उनके पालक अब तक कार्रवाई की ज़द से बाहर हैं। उल्लेखनीय है कि सेजेस भंवरपुर में बारहवी बोर्ड की परीक्षा के दौरान परिक्षार्थियों के प्रवेश से पहले ठीक से जांच नही होने के कारण एक छात्रा द्वारा डिजीटल कैमरा के साथ परीक्षा कक्ष में प्रवेश किया गया। और वीडियो व ऑडियों रिकार्ड कर सोशल मीडिया में प्रसारित किए जाने और विभाग की छबि धूमिल होने के चलते लोक शिक्षण संचालनालय ने परीक्षा केंद्र में कार्यरत 5 लोक सेवकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।



लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़

आदेश

इन पर गिरी निलंबन की गाज

कार्रवाई के तहत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिछिया के केंद्राध्यक्ष गंगा प्रसाद पटेल (व्याख्याता), स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर के सहायक केंद्राध्यक्ष अनिरुद्ध भोई (व्याख्याता), सहायक केंद्राध्यक्ष दिनेश कुमार दास (व्याख्याता), पर्यवेक्षक दुर्गाप्रसाद पटेल (सहायक शिक्षक एलबी) और भृत्य विजिया बुड़ेक शामिल हैं।

सामने आई अनियमितताएं

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी पत्र क्रमांक 3019/सतर्कता/जांच प्रतिवेदन/2026 11 मई 2026 के अनुसार, प्रारंभिक जांच में परीक्षा केंद्र पर गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। जांच में पाया गया कि परीक्षार्थियों की प्रवेश पूर्व समुचित जांच नहीं की गई, जिससे एक छात्रा डिजिटल कैमरा जैसे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को परीक्षा कक्ष तक ले जाने में सफल रही। छात्रा ने परीक्षा कक्ष के अंदर वीडियो एवं ऑडियो रिकॉर्डिंग कर उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित किया, जिससे विभाग की छवि धूमिल हुई। जांच प्रतिवेदन में केंद्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं भृत्य की भूमिका को संदेहास्पद बताते हुए इसे घोर लापरवाही और कर्तव्य निर्वहन में गंभीर चूक माना गया है। विभाग ने इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 का उल्लंघन मानते हुए कदाचार की श्रेणी में रखा है। आदेश के अनुसार सभी कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत निलंबित किया गया है।

मोबाइल के माध्यम से हुए खुलेआम नकल की भी जांच हो

इस मामले को लेकर एक छात्र के पिता अजय कदम जो सेजेस भंवरपुर में पदस्थ हैं। उन्होनें कहा है कि मेरे पाल्य द्वारा यहां परीक्षा दिलाए जाने के कारण उन्हें नियमतः परीक्षा ड्यूटी से दूर रखा गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सशिमं का छात्र भावेश कदम जो सरस्वती शिशु मंदिर का छात्र है वह कोटा राजस्थान में नीट की तैयारी के लिए कोचिंग कर रहा है। सशिमं भंवरपुर में केवल औपचारिकता के लिए उपस्थिति देने पहुंचता है। और सेजेस परीक्षा केंद्र भंवरपुर में बकायदा उसे मोबाईल पकड़ाकर नकल कराए जाने की बात सामने आई है। इसी प्रकार इंदु डडसेना के दादा जो पूर्व में पीटीआई थे, उसे भी इसलिए मोबाईल सुविधा दी गई ताकि वह इस बात का खुलासा न कर दे। दोनों को मोबाईल देकर भौतिकी और रसायन का पर्चा दिलाया गया। छात्रा नीता जगत ने बताया कि इसी बात से परेशान और अपना भविष्य अंधकारमय देखकर उसके द्वारा 2 मार्च को हुए गणित के पर्चे में हिडन कैमरा लेकर पूरे मामले का खुलासा किया। उम्मीद जताई जा रही है कि इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस लेकर इंटर करने के मामले के साथ विभाग द्वारा बोर्ड परीक्षा के दौरान हुए मोबाईल के माध्यम से हुए खुलेआम नकल की जांच होगी।

एचपीवी टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग की अपील

महासमुंद। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं मेडिकल कॉलेज में 14 से 15 वर्ष आयु की बालिकाओं को प्रतिदिन निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाया जा रहा है। टीकाकरण का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने बताया कि जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान पहले से संचालित किया जा रहा है, लेकिन जागरूकता की कमी एवं अफवाहों के कारण कई बालिकाएं अब तक टीकाकरण से वंचित हैं। उन्होंने बताया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है। यह कैंसर गर्भाशय मुख में होता है और समय पर बचाव नहीं होने पर गंभीर रूप ले सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि सही उम्र में एचपीवी वैक्सीन लगवाने से इस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने जिलेवासियों एवं अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि 14 से 15 वर्ष आयु की सभी बालिकाओं को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर एचपीवी का निःशुल्क टीका अवश्य लगवाएं।

सेंट्रल नोडल अधिकारी ने पीएम स्कूलों की समीक्षा बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश

महासमुंद। पीएम योजना अंतर्गत संचालित विद्यालयों की प्रगति एवं गतिविधियों की समीक्षा हेतु आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीएम के सेंट्रल नोडल अधिकारी अलरमेलमंगई डी ने जिले में संचालित पीएम स्कूलों की व्यवस्थाओं, अधोसंरचना, शिक्षण गुणवत्ता एवं विभिन्न मानकों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार मौजूद थे। बैठक में सेंट्रल नोडल अधिकारी ने कहा कि पीएम स्कूल भारत सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी योजना है। यह बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल निर्धारित पैरामीटर के अनुरूप कार्य करें तथा प्रत्येक मानक को गंभीरता से लागू किया जाए। उन्होंने विद्यालयों में कैरियर काउंसिलिंग एवं मेंटल हेल्थ पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों को उनके भविष्य, रोजगार एवं उच्च शिक्षा के संबंध में उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए ताकि वे अपने लक्ष्य निर्धारित कर सकें। साथ ही बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक एवं सहयोगात्मक वातावरण विकसित करने पर जोर दिया गया। बैठक में ड्रॉप आउट विद्यार्थियों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। सेंट्रल नोडल अधिकारी ने निर्देशित किया कि कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न हो। यदि किसी कारणवश विद्यार्थी ड्रॉप आउट हो रहे हैं तो उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किए जाएं तथा आवश्यकतानुसार उन्हें व्यावसायिक एवं ऑकेशनल ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यालयों में नवाचार आधारित शिक्षण व्यवस्था लागू की जाए। सभी स्कूलों में योग गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में विज्ञान प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय एवं कम्प्यूटर लैब की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी कंप्यूटर चालू हालत में हों तथा प्रयोगशालाएं उच्च गुणवत्ता एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त हों। विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश भी दिए गए। सेंट्रल नोडल अधिकारी ने कहा कि जिले में संचालित सभी 12 पीएम स्कूलों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाए ताकि विद्यार्थी अपने विद्यालय पर गौरव महसूस कर सकें। उन्होंने अधिकारियों एवं शिक्षकों से पूरी प्रतिबद्धता एवं मन लगाकर कार्य करने कहा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रेखराज शर्मा एवं शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि जिले में भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया पीएमयोजना अंतर्गत 12 स्कूल संचालित है। जिनमें से 8 प्राथमिक शाला एवं 4 हायर सेकेण्डरी स्कूल है। इन स्कूलों में 4 हजार 411 बच्चे अध्ययनरत है।

अशोक लीलैंड के गुप्त चैंबर से 8 किलो गांजा बरामद, नागपुर का तस्कर बंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला पुलिस और एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स ने नशे के सौदागरों के खिलाफ एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। बसना थाना क्षेत्र के अंतर्गत पलसापाली बैरियर पर की गई घेराबंदी में पुलिस ने एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है, जो ट्रक में विशेष गुप्त चैंबर बनाकर गांजे की तस्करी कर रहा था। बुधवार, 13 मई को पुलिस टीम ओडिशा सीमा से आने वाले वाहनों की सघन जांच कर रही थी। इसी दौरान ओडिशा की ओर से आ रही एक सफेद रंग की अशोक लीलैंड वाहन (एमएच 45 एएफ 4521) को रोका गया। वाहन चालक पुलिस को देखकर घबराने लगा।

जब कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने वाहन के डाला के नीचे बने एक गुप्त केबिन के बारे में जानकारी दी। तलाशी लेने पर उस चैंबर से खाखी और पीले टेप में लिपटे 8 किलो 100 ग्राम गांजे के 8 पैकेट बरामद हुए। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 4 लाख रुपए बताई जा रही है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शफीक खान (40 वर्ष) निवासी नागपुर, महाराष्ट्र के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि वह गांजे की यह खेप ओडिशा के बरपाली से लोड कर नागपुर ले जा रहा था। पुलिस अब इस तस्करी के मुख्य नेटवर्क (सोर्स और डेस्टिनेशन पॉइंट) का पता लगा रही है। पुलिस ने मामले में कुल 9 लाख से अधिक की संपत्ति जब्त की है।

वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण खरे नहीं रहे

महासमुंद। जिले के पूर्व में बागबाहरा निवासी वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण खरे का बुधवार सुबह निधन हो गया। इस खबर से पत्रकारिता जगत सहित महासमुंद और रायपुर क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। वे पिछले करीब तीन माह से बीमार थे और उपचाररत थे। श्री खरे ने पत्रकारिता के क्षेत्र में लंबे समय तक अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय अखबारों में रिपोर्टर और ब्यूरो चीफ के रूप में कार्य किया। पिछले कई वर्षों से वे राजधानी रायपुर में सक्रिय पत्रकारिता कर रहे थे। इनका अंतिम संस्कार 13 मई को रायपुर में हुआ। उनके निधन पर पत्रकार संगठनों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

बस स्टैंड में इन दिनों सन्नाटा पसरा, बसों के फेरों में काफी कटौती

गर्मी व ईंधन संकट से बस परिवहन बेपटरी, यात्री संख्या में कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में इस वर्ष पड़ रही प्रचंड गर्मी और पेट्रोल-डीजल की किल्लत ने आम जनजीवन के साथ-साथ परिवहन व्यवस्था को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। शहर के मुख्य बस स्टैंड में इन दिनों सन्नाटा पसरा हुआ है। भीषण तपिश के कारण लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं, जिसका सीधा असर यात्री बसों के संचालन पर पड़ा है। स्थिति यह है कि पिछले कुछ दिनों में यात्रियों की संख्या में 50 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। बस संचालक एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, जिले के प्रमुख मार्गों पर बसों के फेरों में भारी कटौती की गई है। रायपुर और बागबाहरा जैसे व्यस्त रूटों पर भी बसों का टोटा नजर आ रहा है। रायपुर मार्ग, पहले इस मार्ग पर प्रतिदिन लगभग 65 बसों का संचालन होता था, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों के कारण अब केवल 35 बसें ही जैसे-तैसे संचालित हो पा रही हैं। बागबाहरा मार्ग, इस मार्ग की स्थिति और भी अधिक चिंताजनक है। जहां नियमित रूप से 30 बसें चला करती थीं, वहां अब यह संख्या घटकर मात्र 10 से 12 तक सिमट गई है।

यात्रियों और संचालकों की बढ़ती मुश्किलें

यात्रियों की संख्या कम होने से जहां एक ओर बस संचालकों को कर्मचारियों का वेतन और मेंटेनेंस खर्च निकालने में समस्या आ रही है, वहीं दूसरी ओर जो यात्री जरूरी काम से निकल रहे हैं, उन्हें बसों के इंतजार में बस स्टैंड पर घंटों तपना पड़ रहा है। बस स्टैंड में यात्रियों की कम आवाजाही के कारण आसपास के छोटे व्यापारियों और चाय-नाश्ते के स्टॉल चलाने वालों की आय पर भी गहरा प्रभाव पड़ा है। वर्तमान में स्थिति यह है कि परिवहन सेवाओं के अनिश्चित होने से आम जनता की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई है। भीषण गर्मी और ईंधन की अनुपलब्धता ने महासमुंद के परिवहन तंत्र को एक कठिन मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है, जिससे राहत मिलने के आसार फिलहाल नजर नहीं आ रहे हैं।

गर्मी और ईंधन की दोहरी मार

बस संचालकों का कहना है कि दोपहर के समय तापमान अत्यधिक बढ़ जाने के कारण बसें पूरी तरह खाली चल रही हैं। यात्रियों के अभाव में बसों को चलाना आर्थिक रूप से घाटे का सौदा साबित हो रहा है। इसके साथ ही, जिले में पिछले कुछ दिनों से पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति बाधित होने से संकट और गहरा गया है। कई पेट्रोल पंपों पर नो स्टॉक के बोर्ड लटके हुए हैं, जिससे निजी वाहन चालकों के साथ-साथ बस संचालकों को भी ईंधन के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है या एक शहर से दूसरे शहर भटकना पड़ रहा है।

खबर संक्षेप

प्रतिभा पब्लिक की निशा प्रथम एवं प्रिंसी द्वितीय

सरायपाली। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए सीबीएसई ने आज कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम संपूर्ण देश स्तर पर जारी किए स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी का परीक्षा परिणाम 99% रहा वाणिज्य एवं विज्ञान विषय में कुल 74 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे जिसमें 66 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में तथा 07 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण किया टॉप टेन में निशा सोनी 97% प्रथम स्थान, प्रिंसी मित्तल 96% द्वितीय स्थान, आस्था अग्रवाल(वाणिज्य) एवं कुमकुम तिवारी(विज्ञान) ने 93.2 % प्राप्त कर सामूहिक रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किए, आर्यन सलूजा 93% चतुर्थ स्थान, अंशिका अग्रवाल 92% पंचम स्थान, सांची अग्रवाल(विज्ञान) 90% छठे स्थान पर, सहाना बानो 89.6 प्रतिशत सातवें स्थान पर, राखी पटेल 88.4 प्रतिशत आठवें स्थान पर अंशिका अग्रवाल 87.6% नवम स्थान पर एवं प्रियंका शर्मा 86.4% दसवे स्थान पर उत्तीर्ण कर शाला एवं शहर का नाम रोशन किए हैं विदित हो शेष आठ विद्यार्थी वाणिज्य संकाय से है। इस अवसर पर प्राचार्य नरहरि पटनायक उप प्राचार्य नासिर खान समिति अध्यक्ष नरेश अग्रवाल के साथ संचालक डॉ आभास अग्रवाल एवं समस्त शाला परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

प्रायोगिक परीक्षा 15 को

धमतरी। शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय के पीजीडीसीए द्वितीय सेमेस्टर की 110 एकाउंटिंग विथ टैली की प्रायोगिक परीक्षा 15 मई को प्रातः 7 बजे होगी। सभी छात्राओं को प्रेक्टिकल रिकार्ड के साथ निर्धारित तिथि व समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा गया है।

एसईसी परीक्षा 15 को होगी

धमतरी। जेनेसिस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन के अनुसार स्नातक पाठ्यक्रमों के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों की स्किल एनहांसमेंट कोर्स (एसईसी) विषय की मुख्य परीक्षा 15 मई को कॉलेज परिसर में आयोजित की जाएगी।

सेंट्रल नोडल अधिकारी अलरमेलमंगई डी ने किया पीएम स्कूलों का निरीक्षण

विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पीएम योजना अंतर्गत जिले के चयनित विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, अधोसंरचना एवं नवाचार आधारित शिक्षण व्यवस्था के अवलोकन हेतु पीएम के सेंट्रल नोडल अधिकारी अलरमेलमंगई डी ने आज पीएम तुमगांव एवं बृजराज पाठशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष एवं अन्य व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, डीएमसी रेखराज शर्मा, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित थे।

पीएम के सेंट्रल नोडल अधिकारी अलरमेलमंगई डी ने कहा कि पीएम विद्यालय केवल सामान्य स्कूल नहीं बल्कि भविष्य की शिक्षा व्यवस्था के मॉडल संस्थान हैं, जिन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाना है। इसके लिए विद्यालयों में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक एवं मानक अनुरूप अधोसंरचना विकसित करना आवश्यक है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय भवनों की गुणवत्ता, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, स्मार्ट क्लास, खेल मैदान एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि पीएम स्कूलों में सभी सुविधाएं राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित की जाएं ताकि विद्यार्थियों को बेहतर एवं प्रेरणादायी शिक्षण वातावरण मिल सके।

मंगई ने शिक्षकों से संवाद कर शिक्षण पद्धति की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को खेल-खेल में शिक्षा, गतिविधि आधारित शिक्षण एवं नवाचार आधारित अध्यापन पद्धति अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 (एनईपी 2020) के अनुरूप विद्यार्थियों में रचनात्मकता, तार्किक क्षमता एवं व्यवहारिक ज्ञान का विकास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक नियमित रूप से प्रशिक्षित हों तथा आधुनिक शिक्षण तकनीकों का उपयोग करें। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समग्र शिक्षा प्रदान करना पीएम योजना का मुख्य उद्देश्य है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विज्ञान एवं कंप्यूटर लैब में उपलब्ध संसाधनों का भी अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि प्रयोगशालाओं में आधुनिक उपकरण एवं सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने पुस्तकालय व्यवस्था को और समृद्ध बनाने पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की रुचि एवं विभिन्न विषयों से संबंधित पर्याप्त पुस्तकें उपलब्ध हों। साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी का पुस्तकालय कार्ड बनाकर उन्हें नियमित रूप से पुस्तकें इश्यू करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पीएम विद्यालयों को तकनीकी रूप से सक्षम, नवाचार आधारित एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए ताकि ये विद्यालय अन्य स्कूलों के लिए मॉडल बन सकें।

किसानों को खाद-बीज के लिए निजी दुकानों पर आश्रित होने बाध्य कर रही सरकार : विनोद

महासमुंद। पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा की साय सरकार द्वारा किसानों को परेशान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि नई-नई नीतियां बनाकर सरकार किसानों को खाद-बीज के लिए निजी दुकानदारों पर आश्रित होने बाध्य कर रही है। इससे निजी दुकानदारों की मनमानी बढ़ेगी और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। पहले कृषि ऋण में बदलाव का 60:40 के अनुपात को 70:30 किया गया। अब सरकार ने फरमान जारी किया है कि किसानों को एकड़ पीछे केवल एक बोरी यूरिया सहकारी समितियों से दिया जाएगा। जबकि, प्रति एकड़ कम से कम 2 से ढाई बोरी यूरिया की खपत होती है। यदि समितियों से केवल एक बोरी यूरिया मिलेगी तो किसान विवश होकर व्यापारियों से अधिक दाम पर यूरिया खाद खरीदेंगे। जिससे उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ेगा। पूर्व संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि खाद की कमी के कारण किसानों को निजी विक्रेताओं के पास जाना पड़ेगा। जहां ज्यादा कीमत चुकानी होगी। निजी कंपनियां खाद के साथ लादन खरीदने का दबाव भी बनाती हैं, जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। सरकार द्वारा प्रति एकड़ सिर्फ एक बोरी यूरिया और एक बोरी डीएपी देने का फैसला सीधे तौर पर उत्पादन को प्रभावित करेगा। पिछले साल समय पर खाद नहीं मिलने से धान उत्पादन में करीब 20% तक कमी आई थी और इस बार हालात और खराब हो सकते हैं। चंद्राकर ने कहा कि पिछले 3 खरीफ सीजन से हर बार किसान खाद के लिए भटक रहे हैं। लेकिन, इस बार तो स्थिति और भी बदतर है। किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं हुआ तो फसल पर गंभीर असर पड़ेगा और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा। वर्तमान स्टॉक की स्थिति भी बेहद निराशाजनक है। अनेक सोसायटियों में पंजीकृत किसानों के संख्या के अपेक्षा 40 प्रतिशत खाद का भंडारण नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण किसान हताश और निराश हैं, उन्हें खून के आंसू रोने पर मजबूर किया जा रहा है।

बीए द्वितीय सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मचेवा में दिनांक 6 मई 2026 को बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के अंतर्गत एसईसी "संप्रेषण कला एवं सृजनात्मक हिंदी" विषय की मौखिक परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय नवीन विद्यालय, कोमाखान के प्राध्यापक प्रो पीयूष कुमार टांडेय उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि टांडेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संप्रेषण कला वर्तमान समय में व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक संवाद तथा सृजनात्मक अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों को भाषा कौशल, आत्मविश्वास एवं सृजनात्मक लेखन के प्रति निरंतर अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रभावी अभिव्यक्ति व्यक्ति को समाज में विशिष्ट पहचान प्रदान करती है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे की गरिमामयी उपस्थिति रही। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गावती भारतीय ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों को ज्ञानवर्धन एवं व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक बताया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ. जीवन चंद्राकर, सहायक प्राध्यापक डॉ. कलम रेखा तथा कल्याणी साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं शैक्षणिक वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

मिनी स्टेडियम में क्रिकेट का महाकुंभ, महाकाल इलेवन ने उम्दा खेलकर जीता सीजन- 04

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय मिनी स्टेडियम में पिछले 45 दिनों से चल रहे रोमांचक खेल आयोजन 'फारेस्ट प्रीमियर लीग सीजन-04' का भव्य समापन हुआ। खिताबी मुकाबले में महाकाल इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लाइफ मैजिक सोलर को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। डीजे माडले का ऑलराउंड प्रदर्शनःफाइनल मैच में महाकाल इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवरों में 124 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में लाइफ मैजिक सोलर की टीम 8 ओवरों में मात्र 103 रन ही बना सकी। महाकाल इलेवन की ओर से डीजे माडले ने बल्ले और गेंद दोनों से कमाल दिखाया, वहीं जमशेद ने अपनी घातक गेंदबाजी से विपक्षी टीम की कमर तोड़ दी। समापन समारोह की मुख्य अतिथि राशि त्रिभुवन महिलांग ने अपने संबोधन में कहा, यह 45 दिवसीय आयोजन अनुशासन और ऊर्जा का प्रतीक रहा। खेल तनाव से मुक्त रहने का सबसे बड़ा माध्यम है, इसे हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में मनीष शर्मा (अधिवक्ता), सुरेश नशीने, संदीप साहू, तबरेज खान, डॉ. एजाज नकवी और मनीष दीवान ने भी खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया और पुरस्कार वितरित किए। सीजन-05 की बड़ी घोषणाःमंच से आयोजन के चेयरमैन अजय चौहान ने आगामी सत्र की घोषणा करते हुए खिलाड़ियों में उत्साह भर दिया। उन्होंने बताया कि फारेस्ट प्रीमियर लीग का सीजन-05 मार्च-अप्रैल 2027 में आयोजित किया जाएगा, जो इस बार से भी भव्य होगा।

पुरस्कारों की बौछारः मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयरः अमर ठाकुर, बेस्ट बल्लेबाजः जबीर खान, बेस्ट बॉलरः संजय, बेस्ट सिल्वर बल्लेबाजः नरेंद्र धुर्व, बेस्ट सिल्वर गेंदबाजः सुशील रणवी। इस प्रतियोगिता में ऑनर के रूप मे प्रमुख रूप से लारेंस एंटोनी, मिथुन जगत, जाबिर खान, आकाश चंद्रसेन, दर्शन झाबक, आकाश खत्री, तनवीर पाल, रोहित देवांगन, सतीश दीवान, रिंकू महानंद, अंशुल साहू, उमाशंकर देवांगन, पंकज साहू, ईश्वर चंद्राकर, हिमांशु साहू, अनिल चंद्राकर की टीमों ने प्रतियोगिता मे भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में जीनस जान, सेबेस्टियन जेकब, गोलू सौरभ साहू, सुशील रणवी, लक्की ठाकुरराम, संतोष, आदि साहू, बादल ध्रुव, इशू धीवर, केशव, रजा खान, ग्रंथ चोपड़ा का योगदान सराहनीय रहा।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस

सरायपाली। सरायपाली खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कुणाल नायक, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टी आर धृतलहरे व विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य में कार्यरत समस्त नर्सिंग स्टॉफ के उपस्थिति में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया जहां पर डॉ संजय अग्रवाल द्वारा आधुनिक जगत की नर्सिंग सेवा की जनक - फ्लोरेंस नाइटेंगल, जिन्होंने नर्सिंग सेवा के क्षेत्र में समर्पित होकर किया, उनके कार्यों को स्मरण किया गया इस कार्यक्रम का शुभारंभ उनके फोटो के सामने कैंडल जलाकर किया गया। इसी कड़ी में सीएचसी में कार्यरत सभी नर्सेस - प्रगति शर्मा, स्मृति ग्वाल, समीर कुमार पटेल, लक्ष्मीकांत लहरे, पुष्पा लहरे, वीणा मेश्राम, मालती नंद, तिलोत्तमा पटेल, तनुजा रात्रे, निम्मी ध्रुव, अंकिता नंद, सुनीति नायक द्वारा मरीजों को गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने हेतु ₹नर्सिंग प्रतिज्ञा ₹भी लिया गया तथा सभी नर्सेस द्वारा अस्पताल में भर्ती कुपोषित बच्चों, गर्भवती महिलाओं शिशुवती माताओं एवं वार्ड में भर्ती अन्य मरीजों को मिष्ठान्न वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में सीएचसी सरायपाली के समस्त अधिकारी / कर्मचारी - डॉ जयप्रकाश नायक, डॉ स्मृति चौधरी, शिंपी गिरी, प्रदीप साहू, राजकुमार पटेल, अनिल पाढ़ी, नीता बेरा, रेखा सिंग, वर्षा बाघ, सुमित्रा ठाकुर, घनश्याम साहू, त्रिभुवन डडसेना, रोहित चौहान, हेमचंद मांझी, राजीव जायसवाल एवम् चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों ने भी अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। जिसके लिए समस्त नर्सिंग स्टॉफ के द्वारा आभार प्रकट किया गया।

नई रेल लाइन परियोजना को गति देने के लिए सांसद रूपकुमारी चौधरी से चर्चा एवं सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

प्रस्तावित रायपुर–संबलपुर 276/270 किलोमीटर नई रेल लाइन परियोजना के आगामी चरणों में शीघ्र डीपीआर निर्माण, स्वीकृति, अनुमोदन एवं कार्यारंभ सुनिश्चित कराने हेतु एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सुनील कुमार, तिलक प्रसाद साहू एवं विवेक कर शर्मा द्वारा भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन महामंत्री जितेंद्र कुमार त्रिपाठी के साथ सांसद रूपकुमारी चौधरी को सौंपा गया।

ज्ञापन सौंपने के दौरान परियोजना के सामाजिक, आर्थिक एवं क्षेत्रीय महत्व पर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई। सांसद ने बताया कि पूर्व तट रेलवे की झारसुगुड़ा बैठक में भी इस बहुप्रतीक्षित परियोजना के सफल क्रियान्वयन हेतु रेलवे अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर कार्य को गति प्रदान करने पर बल दिया गया था। उक्त बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं संबलपुर सांसद धर्मेंद्र प्रधान भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने भी परियोजना के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला।

प्रतिनिधिमंडल द्वारा अवगत कराया गया कि रेल मंत्रालय एवं रेलवे बोर्ड द्वारा अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण (एफएलएस) पूर्ण किया जा चुका है तथा डीपीआर निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगतिरत है। ज्ञापन के माध्यम से आगामी सभी प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण कर परियोजना के सफल क्रियान्वयन हेतु विनम्र आग्रह किया गया। साथ ही अब तक प्राप्त प्रगति एवं सकारात्मक पहल के लिए आभार भी व्यक्त किया गया। इस दौरान सांसद रूपकुमारी चौधरी की परियोजना के प्रति गंभीर रुचि, आत्मीयता एवं सकारात्मक प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर हुई, जिससे क्षेत्रवासियों में नई आशा एवं विश्वास का संचार हुआ। प्रस्तावित रायपुर–संबलपुर नई रेल लाइन परियोजना केवल एक रेल मार्ग नहीं, बल्कि रेलविहीन क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के नए द्वार खोलने तथा जनभावनाओं को साकार करने वाला एक ऐतिहासिक विकास सेतु सिद्ध होगा।

मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के अंतर्गत मास्टर ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सोमवार को मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के अंतर्गत "तारुण्य वार्ता हैशटैग पीरियड्स पर खुलकर" अभियान के साथ ही दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

यूनिसेफ और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में इसका आयोजन हो रहा है। रायपुर स्थित बालाजी विद्या मंदिर में मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण प्राप्त करने राज्य के प्रत्येक जिलों से तीन-तीन की संख्या में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला संगठन आयुक्त एवं लीडर्स जुटे हैं। जिसमें महासमुंद जिले से लीनू चंद्राकर जिला संगठन आयुक्त गाइड शत्रुघ्न कुमार साहू जिला संगठन आयुक्त स्काउट, राजकुमारी बंजारे गाइड कैप्टन, मास्टर ट्रेनर्स के रूप में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डा. वर्णिका शर्मा ने कहा कि मासिक धर्म पर चुप्पी नहीं, जागरूकता और संवाद की आवश्यकता है। हर बेटी को सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक माहवारी प्रबंधन का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने यूनिसेफ और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा प्रारंभ किए गए अभियान की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने कहा कि यूनिसेफ के साथ शुरू की गई मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन की इस मुहिम को पूरे छत्तीसगढ़ में हर वर्ग तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 28 मई को अभियान का समापन मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में होगा। यूनिसेफ की छत्तीसगढ़ हेड सीमा कुमार ने कहा कि यह गर्व की बात है कि आज हम लड़कियों की गरिमा, समानता और स्वास्थ्य सुरक्षा का अभियान शुरू कर रहे हैं।

यह बालिकाओं के सशक्तिकरण का भी अभियान है। उन्होंने कहा कि यह अभियान माहवारी के मिथकों और अनावश्यक पाबंदियों को तोड़ने का काम करेगा। यह अभियान लड़कियों तक ही सीमित नहीं रहेगा, यह लड़कों को भी माहवारी के प्रति जागरूक करेगा और उनकी समझ को बढ़ाएगा तथा झिझक को दूर करेगा। सीमा कुमार ने मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन जैसे विषय को स्कूलों के पीटीएम के माध्यम से अभिभावकों तक पहुंचाने की मांग रखी। यूनिसेफ के व्यवहार परिवर्तन स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंह ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस अभियान से माहवारी को लेकर किशोरों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता में वृद्धि होगी। मासिक धर्म स्वच्छता व्यवहार में सुधार आएगा और इस विषय पर बात करने की झिझक दूर होगी तथा भ्रांतियों में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान बालिकाओं के सशक्तिकरण पर भी जोर देगा। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान यूनिसेफ की बाल संरक्षण विशेषज्ञ चेतना देसाई, वॉश स्पेशलिस्ट श्वेता पटनायक, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय मुख्यालय आयुक्त जी स्वामी, रेड क्रास सोसायटी के उपाध्यक्ष रूपेश पाणिग्रही, राज्य मुख्यालय आयुक्त रविश गुप्ता, स्टेट कोऑर्डिनेटर मेंबरशिप ग्रोथ मोहम्मद सादिक शेख भी मंचासीन रहे। शुभारंभ कार्यक्रम का संचालन राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) पूनम सिंह साहू ने किया तथा आभार राज्य संयुक्त सचिव बीना यादव द्वारा जताया गया। पहले दिवस का प्रशिक्षण यूनिसेफ के एसबीसी कंसलटेंट अभिषेक त्रिपाठी, वॉश ऑफिसर बिरजा कबी सतपथी, आशीष कुमार द्वारा प्रदान किया गया। दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का संयोजन दिलीप पटेल द्वारा किया जा रहा है। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सरिता पांडेय, राज्य संगठन आयुक्त द्वय अमित क्षत्रिय, जलवती साहू सहित अन्य की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन का संकल्प भी दिलाया। अतिथियों द्वारा पोस्टर का विमोचन भी किया गया। जिला अध्यक्ष येतराम साहू जिला मुख्य आयुक्त चंद्रहास चंद्राकर जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा, प्रमोद कुमार कन्नौजे एडीपीओ समग्र शिक्षा मास्टर ट्रेनर के साथ रणनीति बनाकर जिले में क्रियान्वित करने हेतु निर्देशित किया गया।

शनिवार अमावस्या के महासंयोग में मनाई जाएगी शनि जयंती

सरायपाली। नगर के बाजारपारा स्थित नवनिर्मित श्री शनि मंदिर में आगामी 16 मई, शनिवार को शनि जयंती एवं मंदिर स्थापना दिवस की 19वीं वर्षगांठ श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाई जाएगी। आयोजन को लेकर मंदिर समिति एवं श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर के पण्डित पूजारी राजा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष शनिवार और अमावस्या का दुर्लभ महा संयोग बन रहा है, जिसे धार्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ एवं सिद्धिदायक माना जाता है। इस विशेष अवसर पर पूजा-पाठ एवं अनुष्ठान करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होने की मान्यता है। उन्होंने बताया कि जो श्रद्धालु शनि की साढ़ेसाती, ढैया अथवा महादशा से पीड़ित हैं, उनके लिए इस दिन शनि देव का दर्शन एवं पूजा विशेष फलदायी रहेगा। मंदिर परिसर में प्रातः 9 बजे से शनि नवग्रह महाशांति पूजा-पाठ एवं विशेष अनुष्ठान आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मंदिर के पूजारी ने नगर सहित आसपास क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं, माताओं, बहनों एवं भाइयों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पूजा-अर्चना एवं पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। धार्मिक आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण, वैदिक मंत्रोच्चार एवं विशेष पूजा-अर्चना से मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर रहेगा।

खबर संक्षेप

भद्रकाली जयंती पर हुई पूजा अर्चना

महासमुंद। ग्राम खरोरा के महादेव मंदिर में भद्रकाली जयंती पर महिलाओं ने पूजा अर्चना किया इस साल 13 मई को मनाया गया मां भद्रकाली को देवी काली का सौम्य और कल्याणकारी स्वरूप माना जाता है. धार्मिक ग्रंथों में उन्हें शक्ति, युद्ध और अधर्म के विनाश की देवी बताया गया है. काली देवी के नाम से भी जाना जाता है। मां भद्रकाली का स्वरूप और उत्पत्ति महाभारत के शांति पर्व के अनुसार मां भद्रकाली का जन्म देवी सती के क्रोध से हुआ था। जब राजा दक्ष ने यज्ञ में भगवान शिव का अपमान किया और सती ने यज्ञ अग्नि में स्वयं को भस्म कर लिया, तब शिव अत्यंत क्रोधित हो उठे. उनके क्रोध से वीरभद्र और भद्रकाली प्रकट हुए, जिन्होंने दक्ष के यज्ञ का विनाश किया। इसी कारण मां भद्रकाली को अधर्म के अंत और धर्म की रक्षा करने वाली देवी माना जाता है। भद्रकाली जयंती पर महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। इस दौरान सुखिया बाई, मालती बाई, शिवकुमारी, लीना, पूनम, उत्तरा, कृष्णा, अरुण बाई, मीना, कलेश्वरी, देवकी, उपस्थित हुईं।

मातृत्व वंदना योजना से लाभान्वित हुई आरती

महासमुंद। केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण और पोषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल साबित हो रही है। जिला मुख्यालय के बजरंग चौक वार्ड क्रमांक 11, नयापारा निवासी आरती जगत भी इस योजना से लाभान्वित होकर बेहद खुश हैं। द्वितीय बालिका के जन्म पर उन्हें शासन की ओर से 6000 रुपए की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई, जिससे परिवार को राहत मिली और घर में खुशियों का माहौल बन गया। आरती जगत ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा उन्हें प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की जानकारी दी गई। आवश्यक दस्तावेज एवं पंजीयन प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें योजना का लाभ मिला। शासन से प्राप्त सहायता राशि नवजात बालिका एवं माता के पोषण, स्वास्थ्य जांच तथा आवश्यक देखभाल में उपयोग हुआ।

निधन

गणेशराम निर्मलकर

बिरकोनी। ग्राम बिरकोनी खल्लारी पारा निवासी गणेशराम निर्मलकर (52) वर्ष का देहांत 12 मई मंगलवार को हो गया। जिसका अंतिम संस्कार शाम 5 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित समाजिकजनों ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वे सुमित्रा निर्मलकर के पति, डोमेश निर्मलकर के पिता, हरिराम निर्मलकर व ईश्वर निर्मलकर के भाई थे।

स्पोर्ट्स : पिथौरा क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में "संगम क्रिकेट लीग" का शुभारंभ

खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम : देवेश निषाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

पीसीए पिथौरा क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित बहुप्रतीक्षित "संगम क्रिकेट लीग" का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद के मुख्य आतिथ्य में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने की। वहीं वरिष्ठ पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, रामकुंवर सिन्हा, संदीप सेन, पुष्पकांत पटेल, प्रेम राजन भीमा रौतिया एवं कौशल दास मानिकपुरी, गोविंद शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पिथौरा क्रिकेट एकेडमी के संरक्षक सुधीर प्रधान, लक्ष्मीकांत सोनी, सतप्रीत विक्की सलूजा सहित संयोजक मनमीत छाबड़ा, दुर्गेश सोनी, अविनाश मित्तल, विजय गौतम, सुनील यादव एवं डोलामढ़ी की सक्रिय भूमिका रही। आयोजन में बड़ी संख्या में खेलप्रेमी, खिलाड़ी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि देवेश निषाद ने अपने संबोधन में कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम हैं। क्रिकेट जैसे आयोजन युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने पिथौरा क्रिकेट एकेडमी द्वारा क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को नशामुक्ति एवं स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करते है।

अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं क्षेत्र में खेल संस्कृति को मजबूत करने के साथ युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर प्रदान करती है।

प्रतियोगिता में 40 वर्ष से अधिक एवं 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, वहीं प्रत्येक टीम में एक इंपैक्ट खिलाड़ी को उम्र सीमा से मुक्त रखा गया है।

लीग का पहला मुकाबला "पांडे नाइट राइडर" एवं "जनसेवा 24 सुपर किंग्स" के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पांडे नाइट राइडर ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जनसेवा 24 सुपर किंग्स ने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 187 रन बनाए। टीम की ओर से राजू पटेल ने मात्र 30 गेंदों में 71 रनों की विस्फोटक पारी खेली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पांडे नाइट राइडर की ओर से जय साहू ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को निर्धारित ओवरों में 6 विकेट पर 163 रन तक पहुंचाया। हालांकि टीम लक्ष्य से 24 रन पीछे रह गई और जनसेवा 24 सुपर किंग्स ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच में शानदार बल्लेबाजी के लिए राजू पटेल को "मैन ऑफ द मैच" चुना गया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता को लेकर युवाओं एवं क्रिकेट प्रेमियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

अनुपयोगी सामानों को आरआरआर सेंटर में जमा करने की अपील

महासमुंद। नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में संचालित आरआरआर सेंटर के माध्यम से नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। आर.आर.आर. सेंटर का मुख्य उद्देश्य ऐसी उपयोगी सामग्री का पुनः उपयोग सुनिश्चित करना है, जिन्हें लोग अनुपयोगी समझकर फेंक देते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि घरों में रखी पुरानी लेकिन उपयोग योग्य सामग्री जैसे कपड़े, पुस्तकें, खिलौने, जूते, बैग, फर्नीचर एवं अन्य वस्तुएं आर.आर.आर. सेंटर में जमा करें, ताकि जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके तथा कचरे की मात्रा में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि "रीयूज और रिसाइकिल की आदत अपनाकर हम न केवल अपने नगर को स्वच्छ बना सकते हैं बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।" नगर पालिका द्वारा नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में आर.आर.आर. सेंटर से जुड़ने एवं स्वच्छता अभियान को सफल बनाने की अपील की गई है।

ग्राम सलडीह समाधान शिविर में हितग्राहियों को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले के पिथौरा विकासखंड के ग्राम सलडीह में गत दिवस जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष उषा धृतलहरे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सीताराम सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य जगमोती भोई, सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे उपस्थित थे।

शिविर में जनपद अध्यक्ष उषा धृतलहरे ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप राज्य में सुशासन व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया गया है तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने शासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सुशासन शिविरों के माध्यम से प्रशासन सीधे गांवों तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है, जिससे ग्रामीणों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं।

जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य कर रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को अपने क्षेत्र में ही त्वरित समाधान उपलब्ध हो रहा है। जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिन्हा ने कहा कि शासन की योजनाएं अब सीधे गांव-गांव तक पहुंच रही हैं तथा पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल रहा है। सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं आम जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। शासन का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी तरह अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक रहने तथा योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर में सतपाल सिंह छाबड़ा, भारती अग्रवाल, कंवलजीत छाबड़ा, मथामणी बढ़ई, विधायक प्रतिनिधि हरप्रसाद पटेल, नरेंद्र बोरे, कृष्ण कुमार साहू, हलधर साव, सरपंच हेमंत ठाकुर, कमलेश डड़सेना, विजय चौधरी सहित एसडीएम बजरंग वर्मा, तहसीलदार मनीषा देवांगन, जनपद पंचायत सीईओ योगेश्वरी बर्मन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सरपंच-सचिव तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया गया तथा ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित होकर अपनी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन दिए। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा के अंतर्गत 5 श्रमिकों को जॉब कार्ड, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 5 लखपति दीदी को सम्मान पत्र एवं 2 स्व-सहायता समूहों को 4 लाख रुपए का ऋण वितरित किया गया। इसी तरह शिक्षा विभाग द्वारा 2 दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक उपकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग ने 7 गर्भवती महिलाओं को प्रोटीन किट एवं राजस्व विभाग द्वारा हितग्राहियों को स्वामित्व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

इसी तरह पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरनईदादर, ग्राम पंचायत आंवराडबरी बागबाहरा एवं ग्राम पंचायत केना सरायपाली में भी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्रामीणजनों की समस्याओं का निराकरण एवं हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। उल्लेखनीय है कि 15 मई 2026 को महासमुंद विकासखंड अंतर्गम ग्राम पंचायत मोंगरा में, पिथौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत मुढ़ीपार, बसना अंतर्गत ग्राम गढ़फुलझर एवं सरायपाली नगरपालिका परिषद में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

भारतीय मानक ब्यूरो ने किया शाइन प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

भारतीय मानक ब्यूरो रायपुर शाखा कार्यालय, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राजेश चंद्राकर, बीआईएस शाइन ट्रेनर के समन्वय से 11 मई को शासकीय हाई स्कूल, खोपली, विकासखंड बागबाहरा, जिला महासमुंद, छत्तीसगढ़ में शाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दिनेश चंद्राकर, अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति हाई स्कूल खोपली, भोपाल सिंह बंजारा प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल खोपली, विद्यासागर ठाकुर, सरपंच, ग्राम पंचायत खोपली तथा भारतीय मानक ब्यूरो, रायपुर के अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की पूजा से हुई, जिसे गांव की महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संपन्न किया गया। विद्यालय के प्राचार्य बंजारा ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया। इसके पश्चात राजेश चंद्राकर ट्रेनर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने दैनिक उपयोग की वस्तुओं की गुणवत्ता, मानक एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता तथा उसके परिवार के दैनिक जीवन पर प्रभाव के बारे में जानकारी दी। दिनेश चंद्राकर, अध्यक्ष, स्कूल विकास समिति ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। भारतीय मानक ब्यूरो के अधिकारियों ने बीआईएस केयर एप के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि इसके माध्यम से हॉलमार्क के एचयूआईडी नंबर एवं उत्पाद तथा उसके निर्माता के लाइसेंस नंबर की पहचान एवं सत्यापन कैसे किया जा सकता है। उन्होंने यह भी प्रदर्शित किया कि यदि कोई उत्पाद या लाइसेंस फर्जी हो तो एप के माध्यम से शिकायत कैसे दर्ज की जा सकती है। इस दौरान पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से विभिन्न विषयों जैसे – शिशु फीडिंग बोतल, शिशु पोषण, खाद्य पदार्थों में मिलावट, खिलौनों की सुरक्षा, रसोई के बर्तन, चिकित्सा उपकरण तथा सोने एवं चाँदी के आभूषणों पर आईएसआई मार्क एवं हॉल मार्किंग के महत्व के बारे में जानकारी दी। स्व-सहायता समूह की महिलाओं को सलाह दी गई कि वे अपने उपयोग हेतु सदैव गुणवत्ता युक्त एवं प्रमाणित उत्पाद ही खरीदें। कार्यक्रम के अंत में प्रशंसा स्वरूप शासकीय हाई स्कूल खोपली की ओर से प्राचार्य भोपाल सिंह बंजारा को स्मृति चिन्ह एवं मोमेंटो भेंट किया गया। इस दौरान कुल 35 प्रतिभागियों ने विभिन्न स्व-सहायता समूहों से भाग लिया।

भारतीय संस्कृति में दान एक पुण्य कर्म है-गेंदलाल

महासमुंद। भारतीय संस्कृति और भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित नवीनतम दर्शन मध्यस्थ दर्शन से प्रभावित और प्रेरित मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही महासमुंद के संचालक शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया चेतना विकास मूल्य शिक्षा संचालित अभिभावक विद्यालय कोकड़ी सरकारी स्कूल ने अभ्युदय संस्थान में जीवन विद्या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के बेहतर क्रियान्वयन हेतु 30 से अधिक बिंदुओं पर सुझाव और ध्यानाकर्षण कराते हुए सभा को भारतीय संस्कृति और भारतीय ज्ञान परंपरा में दान के महत्व पर संवाद करते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति और भारतीय ज्ञान परंपरा दान को हर मानव के जीवन का एक अनिवार्य अंग और कर्तव्य और दायित्व मानता है, लेकिन दान हमेशा योग्य और उचित संस्कारी व्यक्ति, परिवार, संस्थान को ही दिया जाये, जो पूरी तरह पारदर्शिता के साथ काम करें, और दान में धन राशि के उपयोगिता को प्रमाणित करें।

खबर संक्षेप

चार सीएससी संचालकों पर कार्रवाई

महासमुंद। महतारी वंदन योजना अंतर्गत महिला हितग्राहियों का ई-केवायसी कार्य के लिए सीएससी संचालकों द्वारा इसके एवज में शुल्क लिये जाने संबंधी शिकायत पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर प्रोजेक्ट मैनेजर रायपुर की टीम द्वारा पहुंचकर जांच की गई तथा जिला महासमुंद में ई-केवायसी कार्य हेतु शुल्क की मांग करने वाले 04 सीएससी संचालकों की सीएससी आईडी को महतारी वंदन योजना के कार्य हेतु ब्लॉक किया गया है। जिन सी.एस.सी. सेंटर की आईडी ब्लॉक की गई है, इनमें सरायपाली के 03 जिसमें परशुराम रात्रे, राजू बरिहा, नरहरि कुमार एवं बसना से वृंदावती भोई की आईडी शामिल है।

परामर्शदात्री, रिव्यू एवं आरसेटी परामर्शदात्री समितियों की बैठक आज

महासमुंद। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति, जिला स्तरीय रिव्यू समिति एवं जिला स्तरीय आरसेटी परामर्शदात्री समिति की बैठक गुरुवार 14 मई को शाम 4.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष महासमुंद में आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले के बैंकिंग कार्यों, वार्षिक जिला साख योजना, सीडी रेशियो, शैक्षिक ऋण, मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, डेयरी एवं मत्स्य पालन ऋण प्रकरणों सहित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जन-धन योजना, आधार एवं मोबाइल सीडिंग, रुपे कार्ड वितरण तथा शासन प्रायोजित विभिन्न स्वरोजगार एवं बैंक ऋण योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा होगी। सभी बैंकर्स एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी एवं उपलब्धि आंकड़ों सहित निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

अवैध बिक्री : मदिरा प्रेमी ब्लैक में शराब खरीदने को मजबूर

सरकारी दुकान में देशी शराब नहीं कोचियों के पास भरपूर स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना

गांजे की खुलेआम बिक्री

कार्रवाई के अभाव में यहां खुलेआम गांजे की बिक्री हो रही है। जिससे युवाओं की जिंदगी तबाह हो रही है। बता दे की नगर के एक मोहल्ले में गांजे की खुलेआम बिक्री हो रही है जिससे युवा वर्ग इसके चपेट में आ रहे है।

छग माह पूर्व यहां सरकारी शराब दुकान (देशी/अंग्रेजी) की ओपनिंग हुई थी, ताकि अवैध शराब की बिक्री पर लगाम लगाया जा सके, किंतु ऐसा नहीं हुआ आज भी क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से जारी है। वर्तमान में देशी शराब की किल्लत ने मदिरा प्रेमियों को परेशानी में डाल दिया है अतिरिक्त दामों पर ब्लैक में शराब खरीद रहे है जिससे इनकी जेब ढीली हो रही है।

यहां के सरकारी शराब दुकान में भले ही देशी शराब न हो लेकिन अवैध शराब कोचियों के पास भरपूर मात्रा में देशी शराब की उपलब्धता की खबरें आ रही है। जिसके कारण सरकारी शराब दुकान के कर्मचारी व कोचियों की सांठगांठ बताई जा रही है। जानकारों के अनुसार यहां के सरकारी शराब दुकान में कई दिनों से देशी शराब उपलब्ध नहीं है। महीने भर में एक-दो बार स्टॉक आ भी जाए तो महज एक-दो दिन में ही स्टॉक खत्म हो जाती है। स्टॉक खत्म होने का कारण शराब कोचियों को बताया जा रहा है जो पूरे दिन बोरी में शराब एकत्रित करते नजर आते है।

बता दे की देशी शराब के शौकीन निम्न व मध्यमवर्गीय के लोग होते है जो कम पैसे में नशा करना पसंद करते है किंतु स्टॉक नहीं होने की वजह से इन्हें आर्थिक भार पड़ रही है। लिहाजा अतिरिक्त पैसे देकर देशी शराब पीने वालों की भीड़ अब अंग्रेजी शराब के काउंटर में बढ़ने लगी है।

80 रुपए की देशी शराब 120 - 200 में बिक रही

मदिरा प्रेमियों का आरोप है कि आबकारी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी के मिलीभगत से कोचियों को शराब उपलब्ध कराई जा रही है जो बाद में उसे अधिक कीमत पर बेचकर मुनाफा कमा रहे है। शराब शौकीनों का कहना है की कोचियों द्वारा समय के हिसाब से देशी शराब का मूल्य तय किया हुआ है। पूरा दिन 120 रुपए तो आधी रात होते ही सुबह 10 बजे तक इसका मूल्य 150 रुपए हो जाता है, वहीं शुष्क दिवस हो तो देशी शराब का प्रति पौवा 200 रुपए हो जाता है।

परकोम में 4.85 लाख की लागत से मत्स्य पालन तालाब नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

जनपद पंचायत बागबाहरा के ग्राम परकोम में जल संरक्षण को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में ग्राम पंचायत परकोम में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत गांव के मत्स्य पालन तालाब ताराचंद घर पास के तालाब नवीनीकरण एवं गहरीकरण कार्य के लिए 4.85 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

गहरीकरण से बढ़ेगी जल भराव का क्षमता

लंबे समय से तालाब में गाद जमा होने के कारण इसकी जलभराव क्षमता कम हो गई थी, जिससे गर्मी के दिनों में मत्स्य पालन और निस्तारी की समस्या खड़ी हो रही थी। अब इस स्वीकृत राशि से तालाब की तली की खुदाई कर उसे गहरा किया जा रहा है। साथ ही तालाब की मेड़ (पार) को मजबूत बनाया जा रहा है ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन किया जा सके।

जॉब कार्डधारी ग्रामीणों को मिल रहा है रोजगार

मनरेगा के तहत यह कार्य होने से गांव के जॉब कार्डधारी मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशासन के अनुसार, भीषण गर्मी के इस मौसम में ग्रामीणों को रोजगार मिलना एक बड़ी राहत। तालाब का गहरी करण होने से मत्स्य पालन को मिलेगा बढ़ावा। तालाब के सुदृढ़ीकरण से आने वाले समय में यहां मत्स्य पालन की गतिविधियों में तेजी आएगी।

आर्थिक संकट का समाधान सोने की खरीदी, पेट्रोल की कटौती नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रधानमंत्री की जनता से की गई अपील से देश की आर्थिक दिशा नहीं सुधर सकती। उपरोक्त बाते पूर्व कार्यकारी नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने कही। चंद्राकर ने कहा की एक आम आदमी एक दिन एक या दो लीटर पेट्रोल का उपयोग करता है। वह सोना-चांदी की खरीदी शौक के लिए नहीं बल्कि अपनी बेटी के विवाह के लिए जरूरत के हिसाब से करता हैं। विडंबना देखे उस आम आदमी से देश के मुखिया कटौती की अपील कर रहे, जबकि संसाधनों का सबसे अधिक उपयोग हमारे देश के विधायक, सांसद, मंत्री जो सेवा करने के लिए चुने तो जाते हैं और देश से सबसे अधिक वेतन और भत्ते प्राप्त करते हैं। सही मायने मे अगर देश की अर्थ व्यवस्था को सुधार करना हैं तो प्रधानमंत्री को अपने देश के मंत्रियों, नेताओं के वेतन भत्ते और वाहनों के काफिले मे पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने की अपील करनी चाहिए।

तुमगांव में राजयोग शिविर का आयोजन

महासमुंद। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान निकटतम ग्रामवासियों ने पिछले एक माह से सिवनी मध्यप्रदेश की प्रखर अध्यात्म वक्ता ब्रम्हा कुमारी आस्था दीदी द्वारा श्रीमद्भागवत गीता, शिव कथा ज्ञान यज्ञ, रामायण, महाभारत के अंदर छिपे आध्यात्म के रहस्य को जाना और समझा और जीवन परिवर्तन करने का व्रत लिया। इसी बीच ब्रम्हा कुमारी आस्था दीदी का स्वागत सम्मान करने विमल चोपड़ा, अमर अरूण चंद्राकर एवं बलराम कांत साहू का भी आगमन हुआ सेवाकेंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने बताया, दिनांक 10 से 17 मई तक तुमगांव के भाटापारा वार्ड में ब्रम्हा कुमारी सुषमा दीदी द्वारा विश्व नवनिर्माण आध्यात्मिक राजयोग शिविर का आयोजन संध्या 7 से 8.30 बजे तक चलाया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर इस ईश्वरीय महावाक्यों का श्रवण कर रहे हैं जिससे जीवन तनावमुक्त, नशामुक्त, और खुशहाल बना सकेगा।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026

प्रथम उपहार 1 कार

द्वितीय उपहार
3 नग बाईक

तृतीय उपहार
10 नग LED TV

चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज

पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन

छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा

सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन

आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग

नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट

दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स

ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार

नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740